# कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन) सीहोर,जिला सीहोर

E-Mail - lokseva.sehore@gmail.com

क्रमांक / 1182 / लो.से.प्र. / 2023 सीहोर, दिनांक 07 / 02 / 2024

प्रति,

आयुक्त
जनसम्पर्क विभाग
जनसंपर्क संचालनालय, बाणगंगा भोपाल म0प्र0

विषय :- कार्यालय सहायक सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) के रिक्त पदो पर पद पूर्ति के संबंध मे।

--00--

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि सीहोर जिला मे राजस्व विभाग अंतर्गत कुल 02 कार्यालय सहायक सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) के पद पूर्ति के संबंध मे ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने हेतु एम पी ऑनलाईन पोर्टल पर इच्छुक आवेदको से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। जिसके संबध मे सूचना जारी किया जाना है ।

अतः पत्र के संलग्न विज्ञापन का प्रकाशन किन्ही 03 राष्ट्रीय एवं 03 राज्य स्तरीय समाचार पत्रों में करवाएं जाने का कष्ट करें।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

**संलग्न :- विज्ञापन**

संयुक्त कलेक्टर एवं
नोडल अधिकारी
जिला सीहोर

पृ0क्रमांक / 1163 / लो.से.प्र. / 2023 सीहोर, दिनांक 07 / 02 / 2024

प्रतिलिपि

1. प्रमुख सचिव राजस्व विभाग म0प्र0शासन भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल म0प्र0 की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
3. आयुक्त भोपाल संभाग भोपाल की ओर सूचनार्थ।
4. अपर कलेक्टर जिला सीहोर की ओर सूचनार्थ।
5. जिला सूचना अधिकारी जिला सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं जिले मे एन आई सी पोर्टल पर प्रकाशन के संबंध मे।
6. जिला जनसम्पर्क अधिकारी सीहोर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. भर्ती समिति श्री/श्रीमती ........................ की ओर सूचनार्थ।

संयुक्त कलेक्टर एवं
नोडल अधिकारी
जिला सीहोर

Scanned with CamScanner

# कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन विभाग) जिला सीहोर म0प्र0

क्रमांक 1161/लोसेप्र/2023 दिनांक 07/02/2024

## प्रेस विज्ञप्ति

जिला कलेक्टर कार्यालय सीहोर मे राजस्व विभाग अंतर्गत लोक सेवा प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कुल 02 पदो की पद पूर्ति हेतु संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारो से आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन का प्रारूप एवं ऑनलाईन आवेदन लिंक, पदो का विवरण, अर्हताऐ, योग्यता, संविदा नियुक्ति की शर्ते म0प्र0 शासन के संयुक्त उपक्रम एमपी ऑनलाईन लिमिटेड की वेबसाईट https://mponline.gov.in/portal/ पर उपलब्ध है।

2. पदो का विवरण इस प्रकार है:-

| सरल क्रमांक | वर्ग | कुल पद |
|---|---|---|
| 1 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (मुक्त) | 01 |
| 2 | अनुसूचित जाति (महिला) | 01 |

3. कार्यालय सहायक सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) को राशि रू 19,500/- (उन्नीस हजार पांच सौ रू मात्र) का प्रतिमाह एकजाई मानदेय प्राप्त होगा।

4. ऑनलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06-मार्च-2024 है। भर्ती प्रक्रिया एवं आवेदन के संबंध मे विस्तृत दिशा-निर्देश एमपी ऑनलाईन लिमिटेड की बेवसाईट पर उपलब्ध है। उक्त भर्ती प्रक्रिया मे केवल ऑनलाईन आवेदन ही स्वीकार्य होगे।

5. इस संविदा नियुक्ति के आधार पर नियमितकरण संबंधी कोई मांग या दावा स्वीकार्य नही होगा।

6. उपरोक्त भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत पदो की संख्या मे वृद्धि या कमी की जा सकती है।

7. उक्त भर्ती प्रक्रिया के संबंध मे समस्त अधिकार एवं किसी भी प्रकार के दावे-आपत्तियो के संबंध मे अंतिम निर्णय केवल जिला कलेक्टर सीहोर का मान्य होगा।

कलेक्टर
जिला सीहोर

Scanned with CamScanner